समर एक्सप्रेस



# चंद्र ग्रहण: भारत में दिखा अद्भुत 'ब्लड मून', शाम 6:47 बजे समाप्त हुआ पूर्ण चंद्र ग्रहण

## देश के कई हिस्सों में दिखा आंशिक व पूर्ण दृश्य, पूर्वोत्तर और अंडमान में सर्वश्रेष्ठ नज़ारा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

3 मार्च 2026 को आकाश में एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना देखने को मिली, जब पूर्ण चंद्र ग्रहण यानी 'चंद्र ग्रहण' का नज़ारा भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में दिखाई दिया। यह ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 3:20 बजे शुरू हुआ और शाम 6:47 बजे समाप्त हुआ। भारत में चंद्रमा का उदय लगभग 6:26 बजे हुआ, जिसके बाद 6:33 बजे से 6:40 बजे के बीच अधिकतम दृश्यता दर्ज की गई।

चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा ने लालिमा लिए 'ब्लड मून' का रूप धारण किया, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

पूर्वोत्तर भारत और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में ग्रहण का सबसे स्पष्ट दृश्य देखा गया। वहीं दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहरों में चंद्रमा के उदय के बाद आंशिक और पूर्ण चरण दिखाई दिए। पश्चिमी और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में शुरुआती चरण दिखाई नहीं दिए, लेकिन साफ मौसम होने पर पूर्णता का दृश्य देखा गया।


पिनोले, कैलिफ़ोर्निया में चंद्र ग्रहण के दौरान खून जैसे लाल रंग का चाँद दिखा।


गुवाहाटी में चंद्र ग्रहण देखने के लिए हाई-रिज़ॉल्यूशन लेंस वाले टेलीस्कोप लगाए।

गुवाहाटी में लोगों ने प्लेनेटेरियम में लगाए गए उच्च-रिज़ॉल्यूशन दूरबीनों के जरिए ग्रहण का अवलोकन किया। सोशल मीडिया पर 'मून इक्लिप्स 2026' और 'ब्लड मून' ट्रेंड करता रहा।

वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की कक्षा से लगभग 5 डिग्री झुकी हुई है, इसी कारण हर महीने सूर्य और चंद्र ग्रहण नहीं होते। पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की रोशनी को मोड़कर चंद्रमा तक पहुंचाता है, जिससे वह लाल रंग का दिखाई देता है। इस वर्ष का यह तीसरा और अंतिम पूर्ण चंद्र ग्रहण था। इससे पहले मार्च 2025 और सितंबर 2025 में भी पूर्ण चंद्र ग्रहण देखा गया था। अब अगला पूर्ण चंद्र ग्रहण 31 दिसंबर 2028 से 1 जनवरी 2029 के बीच होगा, जिसे 'न्यू ईयर ब्लड मून' कहा जा रहा है। हालांकि 28 अगस्त 2026 को एक आंशिक चंद्र ग्रहण भी देखने को मिलेगा। विशेषज्ञों ने ग्रहण देखने के लिए खुले और कम रोशनी वाले स्थान का चयन करने की सलाह दी थी। चंद्र ग्रहण को नंगी आंखों से देखना सुरक्षित होता है और इसके लिए किसी विशेष सुरक्षा उपकरण की आवश्यकता नहीं होती। खगोल विज्ञान के इतिहास में पहला दर्ज चंद्र ग्रहण 19 मार्च 721 ईसा पूर्व में बेबीलोनियन खगोलविदों द्वारा दर्ज किया गया था।

कुल मिलाकर, 3 घंटे 27 मिनट तक चले इस चंद्र ग्रहण में लगभग 58 मिनट की पूर्णता रही। इस दुर्लभ और मनमोहक खगोलीय घटना ने देशभर में लोगों को विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत संगम का साक्षी बनने का अवसर दिया।

# आप सरकार के अधीन पंजाब राजस्व विकास में शीर्ष 3 राज्यों में शामिल: मंत्री हरपाल सिंह चीमा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के वित्त, आबकारी और कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के नेतृत्व में पंजाब राजस्व विकास के मामले में देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हो गया है। पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने विस्तृत आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य की वित्तीय स्थिति में संरचनात्मक सुधार, वित्तीय अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता देखने को मिली है।

वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य के अपने कर राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में यह 37,327 करोड़ रुपये (जीएसडीपी का 6.39%) था, जो बढ़कर 2024-25 में 57,919 करोड़ रुपये (जीएसडीपी का 7.15%) हो गया है। आबकारी राजस्व के संबंध में उन्होंने कहा कि आप सरकार ने जनवरी 2026 तक 37,975 करोड़ रुपये की प्राप्ति की है, जिसकी वार्षिक औसत 9,907 करोड़ रुपये बनती है। इसके मुकाबले अकाली-भाजपा सरकार की वार्षिक औसत 4,109 करोड़ और कांग्रेस सरकार की 5,479 करोड़ रुपये रही थी। 2021-



22 में आबकारी राजस्व 6,157 करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में 11,500 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। जीएसटी संग्रह में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। चीमा ने बताया कि कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों में कुल 61,286 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी, जबकि आप सरकार ने जनवरी 2026 तक 83,739 करोड़ रुपये एकत्र कर लिए हैं। राज्य जीएसटी राजस्व 2021-22 के 15,542 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 26,500 करोड़ रुपये पार करने का अनुमान है, जो 70 प्रतिशत से अधिक वृद्धि को दर्शाता है। स्टांप ड्यूटी संग्रह में भी ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है। आप सरकार ने जनवरी 2026 तक 19,515 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं, जिसकी वार्षिक औसत 5,091 करोड़ रुपये है। यह पिछली सरकारों की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है।

विकास कार्यों पर खर्च का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि अकाली-भाजपा सरकार ने पांच वर्षों में 14,641 करोड़ रुपये और कांग्रेस सरकार ने 19,356 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय पर खर्च किए थे, जबकि आप सरकार 31,630 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य को लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज विरासत में मिला था। इसके बावजूद सरकार ने कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात को 48.25 प्रतिशत से घटाकर 44.47 प्रतिशत कर दिया है। वेतन आयोग लागू करने के लिए 7-8 हजार करोड़ रुपये रखे गए हैं और 14,191 करोड़ रुपये के बकाए का भुगतान किया जा रहा है।

इसके अलावा, संकटग्रस्त सरकारी संस्थाओं को 2,566 करोड़ रुपये की सहायता दी गई और केंद्रीय योजनाओं के बकाए के रूप में 1,750 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। राज्य ने कंसोलिडेटेड सिंकिंग फंड और गारंटी रिडेम्पशन फंड में निवेश बढ़ाकर 11,720 करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया है, जो वित्तीय सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन के बल पर पंजाब आगे भी विकास की राह पर अग्रसर रहेगा।

# एसएसबी ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप पंजाब में 460 करोड़ रुपये का करेंगे निवेश

## अमृतसर में रिजॉर्ट पर 300 करोड़ रुपये का होगा निवेश और कन्वेंशन सेंटर का होगा निर्माण

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा ने राज्य के आतिथ्य क्षेत्र में 460 करोड़ रुपये के बड़े निवेश की घोषणा की है। यह निवेश एसएसबी ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप के संयुक्त उद्यम के तहत किया जाएगा। प्रोजेक्ट को महिंद्रा ग्रुप और एसएसबी ग्रुप के बैनर तले विकसित किया जाएगा, जो कंपनी का पंजाब में पहला निवेश है।

मंत्री ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना से लगभग 700 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय



अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

परियोजना के तहत अमृतसर के वाघा रोड स्थित गांव खासा में करीब 15 एकड़ क्षेत्र में प्रीमियम रिजॉर्ट और अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर विकसित किया जाएगा। रिजॉर्ट पर 300 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जबकि 90,000 वर्ग फुट में बनने वाले क्षेत्र के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर पर 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, अमृतसर में हरमंदिर साहिब के निकट 110 करोड़ रुपये की लागत से एक होटल का निर्माण किया जाएगा।

संजीव अरोड़ा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट पंजाब में एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेज, एग्जीबिशन्स) पर्यटन को बढ़ावा देगा। अमृतसर देश के प्रमुख आध्यात्मिक और विरासत स्थलों में से एक है, इसलिए इस निवेश से शहर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों, डेस्टिनेशन वेडिंग्स और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए पसंदीदा केंद्र के रूप में उभरेगा।

मंत्री ने कहा कि यह निवेश पंजाब सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' ढांचे में निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

# ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या पर भारत की चुप्पी चिंताजनक: सोनिया गांधी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की टारगेट किलिंग पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। एक लेख में उन्होंने कहा कि जब दो देशों के बीच कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी हो और उसी दौरान किसी मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या कर दी जाए तो यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गहरी दरार को दर्शाता है। सोनिया गांधी ने लिखा कि भारत सरकार ने न तो इस हत्या की स्पष्ट निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर ठोस प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका-इजराइल



हमले को नजरअंदाज किया, जबकि बाद में केवल गहरी चिंता और 'संवाद' की बात कही। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का हवाला देते हुए कहा कि किसी देश की सीमाओं या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कानून के विरुद्ध है। यदि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी इस पर आवाज नहीं उठाता, तो नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था कमजोर हो सकती है। सोनिया गांधी ने भारत-ईरान संबंधों का उल्लेख करते हुए याद दिलाया कि 1994 में कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत के खिलाफ प्रस्ताव रोकने में ईरान ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 2001 के तेहरान दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं और भारत की निष्पक्ष छवि ने संकट के समय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। अंत में उन्होंने संसद में इस मुद्दे पर खुली बहस की मांग करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुंबकम् केवल नारा नहीं, बल्कि न्याय और संवाद की प्रतिबद्धता है।

# 17 हजार पदों पर भर्ती जल्द : बलजीत कौर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार 17 हजार पदों पर भर्ती करने जा रही है। यह दिव्यांग



कोटे के बैकलॉग खाली पड़े पदों पर होगी। वहीं, सरकार ने बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया है। अब तक देश में रहने वाले दंपत्तियों ने गोद लिया है और वे बेहतर जीवन जी रहे हैं। सरकार ने 16 जिलों में अडॉप्शन एजेंसियां स्थापित की हैं ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और आसान हो सके। इसके अलावा फेक या मृतक लोगों को जारी हुई बुजुर्ग पेंशन के 61 करोड़ की रिकवरी की है। यह दावा पंजाब की कैबिनेट मंत्री बलजीत कौर ने किया।

# दिल्ली के स्वरूप नगर में सिलेंडर फटने से दो बच्चों समेत सात लोग घायल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक रिहायशी इमारत में छोटा एलपीजी सिलेंडर फटने से दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत कम से कम सात लोग घायल हो गए। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तेज आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पुलिस के अनुसार, विस्फोट इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित एक कमरे में हुआ, जहां चार सदस्यों का परिवार किराए पर रह रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही



पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है। धमाके के समय तीसरी मंजिल पर मौजूद एक महिला और दो बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। वहीं विस्फोट के असर से दूसरी मंजिल पर रहने वाली दो महिलाएं भी जख्मी हो गईं। सभी घायलों को उपचार के लिए बुराड़ी स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि कमरे में रखा छोटा एलपीजी सिलेंडर फटने से यह हादसा हुआ। हालांकि, सिलेंडर फटने के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि घटना में किसी प्रकार की लापरवाही तो शामिल नहीं थी। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाए हैं।

# नूरपुर स्कूल में छात्रा की मौत के मामले में टीचर पर FIR दर्ज

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर के नूरपुर स्थित एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा की 19 वर्षीय छात्रा खुशप्रीत की संदिग्ध मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। छात्रा द्वारा स्कूल परिसर में फंदा लगाने की सूचना के बाद परिजनों ने टीचर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार की शिकायत पर मकसूदा थाने में आरोपी शिक्षिका परमजीत कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक छात्रा की मौसी कृष्णा देवी ने आरोप लगाया कि टीचर ने पहले खुशप्रीत को पर्स पकड़ाया और फिर उस पर 200 से 2000 रुपये चोरी करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि छात्रा पर जबरन चोरी कबूल करने का दबाव बनाया गया, मारपीट की गई और करीब तीन घंटे तक कमरे में बंद रखा गया। परिवार ने यह भी सवाल उठाया कि यदि छात्रा ने आत्महत्या की, तो कमरे की कुंडी कैसे खुली और मौके पर रस्सी या अन्य स्पष्ट सबूत क्यों नहीं मिले। छात्रा के पिता जरनैल सिंह ने दावा किया कि उन्हें टीचर के नंबर से फोन आया था, जिसमें बेटी ने चोरी के आरोप की जानकारी दी थी। बाद में बताया गया कि चोरी किसी अन्य छात्रा ने की थी। कुछ ही देर बाद स्कूल पहुंचने पर उन्होंने बेटी का शव देखा। डीएसपी करतारपुर ने बताया कि स्कूल स्टाफ, छात्रों और परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

# कनाडा में कोकीन के साथ दो पंजाबी युवक गिरफ्तार

## 111.40 किलोग्राम कोकीन ट्रक से बरामद, ओंटारियो कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी | ओंटारियो/ चंडीगढ़

कनाडा में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कनाडा सीमा सेवा एजेंसी (सीबीएसए) ने 111.40 किलोग्राम कोकीन बरामद कर दो पंजाबी मूल के युवकों को गिरफ्तार किया है। यह बरामदगी संयुक्त राज्य अमेरिका से आए एक वाणिज्यिक ट्रक से ब्लू वाटर ब्रिज पोर्ट ऑफ एंट्री पर की गई।

सीबीएसए अधिकारियों के अनुसार, कोकीन को ट्रक में लदे सामान के साथ गत्ते के डिब्बों में छिपाकर रखा गया था। शक से बचने के लिए इन डिब्बों को अन्य सामान के बीच व्यवस्थित किया गया था। हालांकि, विस्तृत और सावधानीपूर्वक जांच



के दौरान अधिकारियों को संदिग्ध पैकेट मिले, जिनमें बड़ी मात्रा में कोकीन बरामद हुई।

जांच के बाद एजेंसी ने 29 वर्षीय सरकारवीर सिंह, जो नोवा स्कोशिया का निवासी बताया गया है, और 25 वर्षीय चमकौर सिंह, जो ओंटारियो का रहने वाला है, को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के उपरांत दोनों आरोपियों और जब्त नशीले पदार्थों को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के हवाले कर दिया गया।

दोनों आरोपियों के खिलाफ ओंटारियो न्यायालय में मामला दर्ज किया गया है, जहां फिलहाल सुनवाई जारी है। उन पर नियंत्रित ड्रग्स एंड सब्सटेंस एक्ट के तहत कोकीन आयात करने और तस्करी के उद्देश्य से कोकीन रखने के आरोप लगाए गए हैं।

सीबीएसए के दक्षिणी ओंटारियो क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि वाणिज्यिक ट्रकों का इस्तेमाल अमेरिका से कनाडा में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए किया जा रहा है। एजेंसी ने कहा कि सीमा पर निगरानी और जांच प्रक्रिया को और सख्त किया जा रहा है।

**सफलता** | डॉ. बलबीर सिंह ने जन्म से सुनने-बोलने में असमर्थ बच्चों के मुफ्त इलाज करवाने की अपील की

# राजिंदरा अस्पताल में कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी की सुविधा शुरू

समर न्यूज़ | पटियाला

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा मेडिकल शिक्षा एवं शोध मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने जन्मजात सुनने और बोलने में असमर्थ बच्चों के माता-पिता से अपील की है कि वे ऐसे बच्चों के इलाज के लिए सरकारी राजिंदरा अस्पताल, पटियाला का रुख करें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से अब 10 लाख रुपये तक की कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी पूरी तरह मुफ्त करवाई जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री राजिंदरा अस्पताल में पहली सफल कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी की लाभार्थी चार वर्षीय बच्ची और उसके माता-पिता से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर तो मौजूद थे, लेकिन आधुनिक उपकरणों और तकनीकी संसाधनों की कमी थी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह



मान के नेतृत्व वाली सरकार ने इस कमी को दूर कर दिया है, जिससे अब मरीजों को निजी अस्पतालों या पीजीआई जैसे संस्थानों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी सामान्यतः 10 से 12 लाख रुपये तक की महंगी प्रक्रिया होती है, जो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए संभव नहीं होती। अब राजिंदरा अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञों के साथ ऑडियोमेट्री, ओटी पैरामेडिकल स्टाफ, स्पीच थेरेपिस्ट और आधुनिक उपकरणों की सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है। इससे जन्म से गूंगे-बहरे बच्चों को नई जिंदगी मिल सकेगी। समाना के नजदीकी गांव कुलारां से आई बच्ची गुनीत कौर के माता-पिता परमजीत कौर और जसवीर दास ने पंजाब सरकार, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और राजिंदरा अस्पताल के ईएनटी विभाग के डॉक्टरों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से उनकी बच्ची अब सामान्य जीवन जी सकेगी और उसका भविष्य उज्ज्वल हो गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट, दिल, दिमाग और रीढ़ की हड्डी के जटिल ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। राजिंदरा अस्पताल के सभी ऑपरेशन थिएटरों को मॉड्यूलर बनाया जा रहा है और एक अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का लक्ष्य राज्य के तीन करोड़ लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि सरकारी अस्पताल किसी भी निजी अस्पताल से कम न हों। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. रमिंदरपाल सिंह सिबिया, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विशाल चोपड़ा, ईएनटी विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) संजीव भगत और डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# होली की सब को हार्दिक शुभकामनाएँ: ओम बिरला

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने होली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने होली को रंगों, उत्साह और आपसी सौहार्द का पर्व बताया। ओम बिड़ला ने कहा कि यह त्यौहार भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और भाईचारे की भावना को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि होली लोगों को यह याद दिलाती है कि प्रेम, विश्वास और सकारात्मकता के रंग हर अंधकार को दूर कर सकते हैं और जीवन की चुनौतियों को पार करने में मदद कर सकते हैं। स्पीकर ने कहा कि एक-दूसरे पर रंग लगाने से भेदभाव की दीवारें टूटती हैं और समानता व एकता का मजबूत संदेश जाता है, जो हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समाज में प्रेम, शांति और सौहार्द के रंग भरने का संकल्प लें।

# पुलिस ने तीन नशा तस्करों को किया गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

समर न्यूज़ | अबोहर

फाजिल्का जिले के अबोहर में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना सिटी-1 और सिटी-2 की टीमों ने गश्त और चेकिंग के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 21 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। जानकारी के अनुसार, थाना सिटी-1 की टीम बहावलवासी लिंक रोड पर रेलवे फाटक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे तुरंत काबू कर लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी सुखदेव सिंह, निवासी गांव सीड फार्म, के पास 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, थाना सिटी-2 की पुलिस टीम वरियाम नगर के कच्चे रास्ते पर पीपल के



पेड़ के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो युवक पुलिस को देखकर पीछे मुड़ने लगे, जिस पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा, निवासी वरियाम नगर और महावीर कुमार, निवासी गांव बुर्ज मुहार के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।